भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2076
दिनांक 06 अगस्त, 2025 को उत्तर के लिए

यशोदा एआई

2076 श्री एस. निरंजन रेड्डीः

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मई 2025 में शुरू किए गए यशोदा एआई अभियान का ब्यौरा क्या है, इसके उद्देश्य और प्रायोगिक क्षेत्र क्या हैं; और
(ख) क्या मंत्रालय ने कार्यक्रम के नेतृत्व और आउटरीच के हिस्से के रूप में ग्रामीण और अर्ध-शहरी महिलाओं को शामिल करने के लिए विशिष्ट रणनीतियों की पहचान की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री
(श्रीमती सावित्री ठाकुर)

(क) से (ख): राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) मई 2025 से महिलाओं के लिए "यशोदा एआई" नामक एआई साक्षरता कार्यक्रम चला रहा है। इसका उद्देश्य देश की महिलाओं को एआई साक्षरता से युक्त करना है ताकि डिजिटल समावेशन को बढ़ाया जा सके तथा उन्हें साइबर सुरक्षा, डिजिटल गोपनीयता और सुरक्षित ऑनलाइन पद्धतियों के क्षेत्र में सशक्त बनाया जा सके। इस कार्यक्रम के तहत, अब तक ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों की लगभग 2500 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जिनमें स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की सदस्य, स्थानीय निर्वाचित प्रतिनिधि जैसे सरपंच, प्रधानों, पार्षद, महापौर, विधायक, आशा कार्यकर्त्री, सूक्ष्म उद्यमी, शिक्षक और छात्र, पुलिस अधिकारी, सरकारी अधिकारी इत्यादि शामिल हैं।

*****